272. निम्नलिखित में से किस शहर में, सवाई जयसिंह II ने वेधशाला का निर्माण नहीं करवाया था?

(a) दिल्ली (b) जयपुर
(c) उज्जैन (d) आगरा

Agriculture Superviser 2021

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

273. विश्व की सबसे बड़ी ''जयबाण'' का निर्माण किसके द्वारा कराया गया?

(a) मिजा राजा जय सिंह (b) सवाई जय सिंह II
(c) महाराजा मान सिंह I (d) सवाई प्रताप सिंह

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

274. खगोल विज्ञान के बारे में 'जिज मुहम्मद शाही' पुस्तक किसने लिखी थी?

(a) जोधपुर के शासक जसवंत सिंह
(b) आमेर के शासक भारमल
(c) जयपुर के सवाई जय सिंह
(d) उदयपुर के महाराणा उदय सिंह

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (c) : खगोल विज्ञान के बारे में 'जिज मुहम्मद शाही' पुस्तक जयपुर के महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा लिखी गई है। आमेर के सवाई जय सिंह 18वीं शताब्दी के एक महान राजपूत राजा थे। उन्होंने जयपुर शहर की स्थापना की और इसे विज्ञान और कला का केन्द्र बनाया। वे एक महान खगोलशास्त्री थे।

275. राजपूताने में किस नरेश ने सर्वप्रथम कन्यावध रोकने का प्रयास किया?

(a) जगत सिंह (b) सवाईं जय सिंह
(c) जसवन्त सिंह (d) राम सिंह

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या—राजस्थान राजपूताना के कछवाहा शासक सवाई राजा जयसिंह ने सर्वप्रथम कन्या वध रोकने का प्रयास किया था। सवाई जयसिंह ने ही सन् 1727 ई. में 'जयपुर' नगर की स्थापना की थी। इन्होंने खगोल शास्त्र पर 'जिज मुहम्मदशाही' नामक पुस्तक की रचना की।

276. 1743 में सवाई जयसिंह की मृत्यु के बाद जयपुर की गद्दी पर कौन आसीन हुआ?

(a) बख्तसिंह (b) ईश्वरीसिंह
(c) माधोसिंह (d) उम्मेदसिंह

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (b) : सवाई जयसिंह की मृत्यु (1743) के पश्चात जयपुर की गद्दी पर ईश्वरी सिंह का कब्जा हो गया। ईश्वरी सिंह सवाई जयसिंह के बड़े पुत्र थे। इन्होंने ही पड़ोसी राजपूत राजाओं की सुरक्षा के लिए नियम बनाया था। 12 दिसम्बर, 1750 में इनकी मृत्यु हो गयी।

277. जयपुर के हवामहल का निर्माण .... के शासनकाल में हुआ।

(a) सवाई जयसिंह (b) सवाई जगतसिंह
(c) सवाई प्रतापसिंह (d) सवाई रामसिंह

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : जयपुर के हवामहल का निर्माण कछवाहा वंश के सवाई प्रताप सिंह ने 1799 ई. में बनवाया था। वे महाराजा जयसिंह के पोते थे। राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 1999 में हवा महल की द्वितीय शताब्दी वर्ष मनाया गया।

278. जयपुर का प्रसिद्ध स्मारक जिसकी द्वितीय शताब्दी इस वर्ष मनाई जायेगी–

(a) आमेर का किला (b) हवामहल
(c) चन्दन महल (d) नाहरगढ़ का किला

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या— उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

279. जयपुर के किस शासक ने 'ब्रजनिधि' उपनाम से कविताओं की रचना की?

(a) सवाई प्रताप सिंह (b) सवाई पृथ्वी सिंह
(c) सवाई जय सिंह (d) ईश्वरी सिंह

House Keeper 2022_09.07.2022

Ans. (a) : जयपुर के शासक सवाई प्रताप सिंह ने ब्रजनिधि उपनाम से कविताओं की रचना की है। सवाई प्रताप सिंह जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह-II के पोते थे। इन्होंने अपने पिता माधोसिंह प्रथम के बाद पदभार संभाला था। प्रताप सिंह की 22 रचनाएँ उपलब्ध है, इनकी संख्या 22 होने के कारण इन्हें ग्रन्थबाईसी कहते हैं। तुंगा की लड़ाई 28 जुलाई, 1787 ई. सवाई प्रतापसिंह और मराठा सरदार महादजी सिंधिया के बीच हुआ था।

280. तुंगा की लड़ाई लड़ी गयी थी-

(a) 20 अगस्त, 1786 ई.
(b) 28 जुलाई, 1787 ई.
(c) 28 जुलाई, 1790 ई.
(d) 30 अगस्त, 1782 ई.

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (b) – उपर्युकत प्रश्न की व्याख्या देखें।

281. निम्न में से किस महाराजा के दरबार में 22 कवि, 22 ज्योतिषी, 22 संगीतज्ञ एवं 22 विषय विशेषज्ञ के रूप में गन्धर्व बाइसी' विद्यमान थी-

(a) महाराजा प्रताप (b) महाराजा जयसिंह
(c) महाराजा मानसिंह (d) महाराजा भगवंत सिंह

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (a) – महाराजा प्रताप सिंह के दरबार में 22 कवि, 22 ज्योतिषी, 22 संगीतज्ञ एवं 22 विषय विशेषज्ञ के रूप में गंधर्व बाइसी विद्यमान थी। गंधर्व बाइसी एक महान कलाकार व विद्वान मंडली थी। महाराजा सवाई प्रताप सिंह 1778–1803 ई. तक जयपुर के कछवाहा थे।

282. जयपुर के किस कछवाहा शासक ने 1818 ईस्ट इंडिया कम्पनी से संधि की?

(a) सवाई प्रतापसिंह
(b) पृथ्वीराज
(c) महाराजा जगतसिंह II
(d) महाराजा विष्णुसिंह

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018